# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–24.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **राज्य में सितंबर तक 26 हजार एक प्रशिक्षित सहायक आचार्यों की होगी नियुक्ति, जेएसएससी ने हाईकोर्ट को सौंपी रिजल्ट की समय सीमा।**
2. **झारखंड सरकार ने स्पेन में निवेशकों के सामने रखा औद्योगिक विकास का रोडमैप, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा– राज्य में वैश्विक निवेश के लिए सरकार संकल्पित।**
3. **पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ सड़क पर उतरे लोग, राज्यभर में विरोध प्रदर्शन का सिलसिला जारी।**
4. **राज्य के कई हिस्से लू की चपेट में, मौसम विभाग ने 27 अप्रैल को ओलावृष्टि और वज्रपात का जताया पूर्वानुमान, ऑरेंज अलर्ट जारी।**
5. **दिल्ली में चल रही राष्ट्रीय स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड का शानदार प्रदर्शन जारी, रिचा कुजूर और स्नेहा कुमारी ने जीते कांस्य पदक।**

*******************

राज्य में सितंबर तक 26 हजार एक प्रशिक्षित सहायक आचार्यों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग– जेएसएससी ने सहायक आचार्य के रिजल्ट प्रकाशन के संबंध में शपथ पत्र के माध्यम से एक समय सीमा हाईकोर्ट को सौंपी है। जेपीएससी ने अदालत को बताया है कि सिंतबंर के मध्य तक प्रशिक्षित सहायक आचार्यों की नियुक्ति कर ली जायेगी। हाईकोर्ट ने इस समयसीमा को स्वीकार कर लिया है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन गये प्रतिनिधिमंडल ने मैड्रिड में निवेशकों के सामने झारखंड में निवेश का रोड मैप प्रस्तुत किया। इसमें खनिज अन्वेषण, खाद्य प्रसंस्करण, ऊर्जा तालमेल, इलेक्ट्रिक वाहन और स्वच्छ गतिशीलता के लिए निवेशकों को आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि इस रणनीतिक पहल का उदेश्य वैश्विक निवेश को आकर्षित करना, नवाचार को बढ़ावा देना और झारखंड को हरित और समावेशी विकास की ओर अग्रसर करना है।

*******************

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ राज्यभर में विरोध प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। रांची समेत सभी जिलों में मशाल जुलूस और कैंडल मार्च निकाल कर मृतकों को प्रति श्रद्धांजलि दी गयी।

गिरिडीह में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा मशाल जुलूस निकाला गया। इस दौरान भाजपा नेता दिनेश यादव, भाजयुमो नेता संजीव कुमार समेत अन्य लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस बीच एक कार्यक्रम में शामिल होने गिरिडीह आये धनबाद के सांसद ढुल्लु महतो ने पर्यटकों पर हुए इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की।

*******************

उधर, गोड्डा, लोहरदगा, चाईबासा, धनबाद और हजारीबाग में भी इस घटना के विरोध में लोग सड़कों पर उतरे। हजारीबाग में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकालकर विरोध दर्ज कराया। मौके पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ आर–पार की लड़ाई का वक्त आ गया है।

*******************

इधर, धनबाद में आतंकी हमले को लेकर हर वर्ग आक्रोशित है। इस सिलसिले में राज पुस्तकालय के दर्जनों छात्र छात्राओं ने कैंडल मार्च निकाल कर मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्र–छात्राओं ने सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की।

*******************

कांग्रेस ने भी पहलगाम में हुए आंतकवादी हमले की कड़ी निंदा की है। पार्टी विधायक राजेश कच्छप ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केन्द्र सरकार को आतंकवादियों को माकूल जवाब देना चाहिए।

*******************

इस बीच पहलगाम गये पर्यटक शांतनु सेन सकुशल हजारीबाग पहुंच गये हैं। हजारीबाग इंद्रपुरी चौक निवासी शांतनु सेन घटना के दिन पहलगाम में ही थे। उन्होंने घटना के बाद कश्मीर में उत्पन्न स्थिति की जानकारी दी।

*******************

नक्सलियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों ने एक आईईडी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने जानकारी देते हुए बताया कि गोईलकेरा थाना क्षेत्र के मेरालगड़ा वनग्राम के पास जंगल में यह आईईडी नक्सलियों द्वारा लगाया गया था। सुरक्षा के दृष्टिकोण से इसे जंगल में ही नष्ट कर दिया गया। एसपी ने बताया कि सर्च अभियान लगातार जारी है।

*******************

सरायकेला–खरसांवा जिले में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत गम्हरिया प्रखंड को प्रथम पुरस्कार मिलने से स्थानीय अधिकारी बेहद उत्साहित हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं

*******************

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–**

- हजारीबाग में 15वें वित्त योजना के 23 लाख 80 हजार रुपये गबन के मामले में प्राथमिक की दर्ज की गई है। इसमें मुखिया सुमिता देवी, धनेश्वर यादव नारायण यादव और तत्कालीन पंचायत सचिव सरयू पासवान को आरोपी बनाया गया है।
- जमशेदपुर के मानगो स्थित गांधी मैदान में 1 मई को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से वक्फ कानून में संशोधन के विरोध में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। इस सभा में बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत कई सांसद और मंत्री शिरकत करेंगे।
- जमशेदपुर के मानगो में बन रहे फ्लाईओवर के पुरुलिया रोड छोर पर निर्माण कार्य पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। स्थानीय व्यवसाइयों ने इससे जाम की गंभीर समस्या उत्पन्न होने की शिकायत की थी।

*******************

राज्य के कई हिस्से लू की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक यही स्थिति बने रहने का अनुमान जताया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 27 अप्रैल को दोपहर बाद तेज हवा के साथ बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात हो सकता है। इसे देखते हुए औरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

*******************

दिल्ली में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड का शानदार प्रदर्शन जारी है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन राज्य की दो पहलवानों रिचा कुजूर और स्नेहा कुमारी ने कांस्य पदक जीता। रिचा कुजूर को 46 किलोग्राम भार वर्ग में जबकि स्नेहा कुमारी को 49 किलोग्राम भार वर्ग में यह सफलता मिली। इसके साथ ही अब इस प्रतियोगिता में झारखंड के कुल तीन पदक हो गए हैं।

***********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पाकिस्तान से जल समझौता रोकने और वीसा बंद करने के भारत के फैसले को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– पहलगाम में मृत मनीष रंजन का शव आज आयेगा रांची, झालदा में होगा अंतिम संस्कार।

**हिन्दुस्तान** ने रांची और खूंटी समेत 15 डीइओ का वेतन रोके जाने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** लिखता है– वन संरक्षक के नाम फर्जी एनओसी का इस्तेमाल कर 14 लोगों को बेच दी 147 दशमलव तीन दो डिसमिल जमीन।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– ईडी ने बांका में बीर अग्रवाल के घर से बरामद किये एक करोड़ तीस लाख।

*********** समाप्त ***********